**मिशन शक्ति फेज 5.0**

**दिनांक: 24.09.2025**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात के मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 गुमशुदा बच्चो को तलाश कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता,सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

अवगत कराना है कि दिनांक 20.09.2025 को श्री जितेन्द्र पुत्र चन्द्र सिंह निवासी ग्राम नारंगपुर थाना सरुरपुर जिला मेरठ हाल निवासी किरायेदार गौरव विहार कालोनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर द्वारा थाने पर सूचना दी गयी कि उसके दो बच्चे कु0 सुनैना उम्र 12 वर्ष, व कल्लू उम्र 07 वर्ष लापता हो गये है, जिस सम्बन्ध मे थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर पर तत्काल मु0अ0सं0 449/2025 धारा 137(2) बीएनस पंजीकृत किया गया व थाना कोतवाली देहात पर मिशन शक्ति केन्द्र व0उ0नि0 श्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया व गुमशुदा/लापता बच्चो की तलाश किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सहारनपुर द्वारा उपरोक्त लापता बच्चो को तलाश करने हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आदेश निर्देशो के क्रम मे अधीक्षक नगर सहारनपुर व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर के नेतृत्व मे गठित कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी व सोशल मीडिया के माध्यम मे गुमशुदा बच्चो के सम्बन्ध मे प्रचार प्रसार किया गया। टीम द्वारा की गयी कार्यवाही के आधार पर आज दिनांक 24.09.2025 को गुमशुदा कु0 सुनैना उम्र 12 वर्ष, कल्लू उम्र 07 वर्ष को लावरिस अवस्था मे नयागाँव वाईपास पर घुमते हुए बरामद करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी है। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर गुमशुदा कु0 सुनैना उम्र 12, कल्लू उम्र 07 वर्ष उपरोक्त को सकुशल उनके परिजनो के सपुर्द किया गया।

**गुमशुदा बच्चो का नाम व पताः-**

1- कु0 सुनैना उम्र 12

2- कल्लू उम्र 07 वर्ष

**तलाश करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. व0उ0नि0 श्री सुनील कुमार शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. उ0नि0 श्री रामकुमार गौतम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर
4. है0का0 526 सनोव्वर ताज थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
5. म0का0 183 दीपिका थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
6. म0का0 1430 चारू त्यागी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान "मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।**

**प्रेस नोट**

दिनांकः 24.09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

**थाना रामपुर मनिहारान, सहारनपुर माल निस्तारण के अनुपालन में अभियान आपरेशन क्लीन के तहत माल मुकदमाती कुल 48 घरेलू गैस सिलेण्डरों का माननीय न्यायालय के आदेश निस्तारण किया गया।**

अवगत कराना है कि श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे **"आपरेशन क्लीन"** के तहत पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी के पर्यववेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के कुशल नेतृत्व में एवं श्रीमान उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारन सहारनपुर के आदेश दिनांक-22.09.2025 के अनुपालन में तथा जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश के क्रम में एवं प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनिहारन व श्री नरेश कुमार पूर्ति निरीक्षक रामपुर मनि0 व श्री सतेन्द्र कुमार व वरिष्ठ उप निरीक्षक श्री सुरेश कुमार व हेड मोहर्रिर मदनजीत की मौजूदगी में माल मुकदमाती के **कुल 48 गैस सिलेन्डरो (08 बडे, 27 सिलेन्डर पांच लीटर के, 12 सिलेन्डर 02 लीटर के, व 01 सिलेन्डर 01 लीटर)** को शिव शक्ति भारत गैस एजेन्सी मौहल्ला कायस्तान कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन सहारनपुर के सुपुर्द कर नियमानुसार माल निस्तारण कराया गया।

**निस्तारित माल का विवरणः-**

- 08 बडे सिलेन्डर
- 27 सिलेन्डर 05 लीटर के
- 12 सिलेन्डर 02 लीटर के
- 01 सिलेन्डर 01 लीटर

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना तीतरो, सहारनपुर पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारन्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे एवं थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.09.2025 को थाना तीतरो पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त गण 1-इस्लाम पुत्र जमीलशाह निवासी ग्राम ठोल्ला फेतहपुर थाना तीतर जनपद सहारनपुर सम्बन्धित वाद संख्या 2483/2024 धारा 323/354/452/504/506 भादवि दिनांकित 03.10.2025 मा0 न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय जनपद सहारनपुर 2-तसव्वर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम ठोल्ला फेतहपुर थाना तीतर जनपद सहारनपुर सम्बन्धित वाद संख्या 2483/2024 धारा 323/354/452/504/506 भादवि दिनांकित 03.10.2025 मा0 न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय जनपद सहारनपुर को अभियुक्तगण के घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1. इस्लाम पुत्र जमीलशाह निवासी ग्राम ठोल्ला फेतहपुर थाना तीतर जनपद सहारनपुर
2. तसव्वर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम ठोल्ला फेतहपुर थाना तीतर जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण–**

1. उ0नि0 श्री विकास तोमर थाना तीतरो जिला सहारनपुर
2. है0का0 740 हनी सिंह थाना तीतरो जिला सहारनपुर

**दिनांक 24.09.2025**

**-प्रेस नोट-**

**"ऑपरेशन सवेरा"**

**"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 30.78 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक,सहारनपुर परिक्षेत्र,सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा"–"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 23.09.2025 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा चैकिग के दौरान मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले 01 नशा तस्कर शाहरुख पुत्र फारुख निवासी ग्राम महमूदपुर जाटोवाला थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर को स्पोर्ट स्टैडियम जाटोवाला के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शाहरुख उपरोक्त के कब्जे से 30.78 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त शाहरुख उपरोक्त के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0सं0 186/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मै पुलिस से बचते बचाते चोरी छिपे उत्तराखण्ड से यह नशीला सामान थोड़े सस्ते दामों में लेकर आता हूँ और ट्रक चालको व नशा करने वाले लोगो को महगे दामो में बेच देता हूँ। जिससे मेरी अच्छी खासी कमाई हो जाती है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

1. शाहरुख पुत्र फारुख निवासी ग्राम महमूदपुर जाटोवाला थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण –**

- 30.78 ग्राम अवैध स्मैक

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री राहुल कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।
2. हेका0 391 योगेश कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
3. का0 1323 कुलदीप कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 24.09.2025

मिशन शक्ति फेज 5.0

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत शाकुम्बरी देवी मेले मे परिजनो से बिछडी 02 वर्षिय बच्ची को तलाश कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता ,सुरक्षा ,स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

अवगत कराना है कि दिनांक 24.09.2025 को शाकुम्बरी मेले मे दर्शन के लिये अपने परिजनो से साथ जनपद शामली से 02 वर्षीय बच्ची आयी हुई थी मेले मे भीड भाड होने के कारण जो परिजनो से बिछड गयी। पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर मिशन शक्ति टीम, मेला पुलिस टीम व थाना मिर्जापुर पुलिस टीम को बच्ची की तलाश हेतू लगाया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी मिर्जापुर के कुशल नेतृत्व मे मिशन शक्ति टीम,मेला पुलिस टीम व थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्ची को सकुशल तलाश कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्ची के मिलने पर परिवारजनो के द्वारा पुलिस की भूरी भूरी प्रसन्नता कि गयी।

**गुमशुदा बच्ची का नाम व पता-**

अनोखी पुत्री सोनू उम्र करीब 02 वर्ष निवासी ग्राम भूरा जनपद शामली

**बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. म0उ0नि0 दीक्षा थाना मिर्जापुर सहारनपुर
2. म0हे0का0 1153 प्रीति थाना मिर्जापुर सहारनपुर
3. म0का0 1668 सविता थाना मिर्जापुर सहारनपुर

-प्रेस नोट-

24.09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर चोरी गया सामान बरामद

अवगत कराना है कि **दिनांक 17.09.2025 को वादी श्री अफसर खान पुत्र मौ0 यासीन निवासी खनपुरा थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर** ने थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 16.09.25 की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा वादी की ट्यूबवैल का ताला तोड़कर स्टार्टर की पत्ति व कटाउट व केबिल चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 250/25 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। एंव **दिनांक 03.09.25 को वादी श्री अर्जुन पुत्र जगराम निवासी बुडढाखेडा अहीर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर** ने उपस्थित थाना आकर एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 03.09.25 को अज्ञात चोरो द्वारा वादी के वादी की टयूबवैल से करीब 02 मीटर का केबिल व अन्य लोगो के टयूबवैल से करीब 01 मीटर केबिल व स्टार्टर के ककटाउट व 105 मीटर केबिल व स्टार्टर के कटाउट चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 222/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। एंव दिनांक 16.09.25 को वादी श्री आस मोहम्मद निवासी नल्हेडी गाजी ने उपस्थित थाना आकर एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 16.09.25 की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा खलील पुत्र रफीक व रहीस पुत्र यामीन नि0 नल्हेडा गाडी स0पुर के खेतो मे लगे नलकूपो का सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 249/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया एंव दिनांक 27.08.25 को वादी श्री मुबारिक अली पुत्र शकूर निवासी चौरादेव थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर ने उपस्थित थाना आकर एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 26.08.25 की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा वादी व वादी के पडोसी के खेतो मे लगे नलकूपो से स्टार्टर केबिल व कटाउट मे से कापर निकालकर चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 204/25 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत कराया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी/वाहन चोरी/नकबजनी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर चोर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमों में विवेचना के दौरान प्रकाश में आये **01 वांछित शातिर चोर/अभियुक्त सुबोध उर्फ टोटी पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम कोल्की थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर** को देहरादून यमुनानगर हाईवे से ग्राम खजुरी अकबरपुर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे/निशानदेही पर 10 तांबे के तार के गुच्छे, 15 स्ट्रार्टर तांबा(पुर्जे) व 02 कटआउट, 01 केबल का टुकडा बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमो में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**पूछताछ का विवरणः-**गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि मैने साथियो के साथ मिलकर ग्राम नन्हेड़ा गाजी व खनपुरा के खेत से टयूबवैल का ताला तोडकर टयूबेल का सामान चोरी किया था जिसमे दोनो

ट्यूबेलो से 10 तांबे के तार के गुच्छे तथा स्टार्टर के पुर्जे 04 अदद व 01 केबल का टूकड़ा मिला था हमने ग्राम चौरा खुर्द व चांदपुर मे साथ मिलकर ट्युबेल के ताले व दीवार तोडकर उसमें से स्ट्रार्टर व बिजली के केबल सेस्टार्टर व केबल चोरी किये थे और दिनांक 02/03/09/2025 की रात्रि में हमने ग्राम बुड्ढा खेडा अहीर व ग्राम नागल अहीर के खेतों में से ट्यूबेल के ताले व दीवार तोडकर केबल के तार व औऱ मैने व मेरे ही गांव के 03 साथीयो के साथ मिलकर टयूबवैल से स्टार्टर औऱ केबल चोरी किये थे जिनके अन्दर के पूर्जे क़पर के निकालकर ले गये थे जो सामान मेरे हिस्से मे मिला था। वो सामान मैने बरामद करा दिया। पूर्व मे मेरे दो साथी जेल भी जा चुके है। हम सब मिलकर भिन्न भिन्न जगहो से मिलकर चोरी करते रहते है। आज मै सामान बेचने जा रहा था कि आप लोगो ने मुझे पकड लिया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. सुबोध उर्फ टोटी पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम कोल्की थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

**अभियुक्त सुबोध उर्फ टोटी का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 33/21 धारा 379/411 भादवि चालानी थाना गागलहेडी ।
2. मु0अ0सं0 58/21 धारा 398/401 भादवि चालानी थाना गागलहेडी
3. मु0अ0सं0 60/21 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 चालानी थाना गागलहेडी ।
4. मु0अ0सं0 222/21 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट चालानी थाना गागलहेडी ।
5. मु0अ0सं0 271/21 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 चालानी थाना गागलहेडी ।

**बरामदगी का विवरण -**

- 10 तांबे के तार के गुच्छे
- 15 स्ट्रार्टर तांबा(पुर्जे)
- 02 अदद कटआउट
- 01 केबल का टुकडा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर ।
2. उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर ।
3. उ0नि0 लोकेश राणा थाना गागलहेडी सहारनपुर ।
4. उ0नि0 राजकुमार तोमर थाना गागलहेडी सहारनपुर ।
5. का0 398 नरदेव सिंह थाना गागलहेडी सहारनपुर ।

-प्रेस नोट-

**मिशन शक्ति फेज 5.0**

**दिनांक: 24.09.2025**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नानौता पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओ से झगडा करने पर उतारू 02 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता ,सुरक्षा ,स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ की सुरक्षा व सम्मान हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने के आदेश निर्देश दिये गये। आदेश निर्देशो के क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.09.2025 को थाना नानौता के ग्राम औलरा मे महिलाओं के साथ झगडा करने उतारू 02 आरोपी 1. अक्षय पुत्र कृतपाल निवासी ग्राम ओलरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर 2. सुमित पुत्र जसवीर निवासी ग्राम ओलरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर को ग्राम औलरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

1. अक्षय पुत्र कृतपाल निवासी ग्राम ओलरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर
2. सुमित पुत्र जसवीर निवासी ग्राम ओलरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. व0उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिह थाना नानौता जनपद सहारनपुर
2. म0उ0नि0 राधा चौहान  थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
3. म0का0 610 अमृता थाना नानौता जनपद सहारनपुर।
4. म0का0 270 विनीता थाना नानौता जनपद सहारनपुर

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान “मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।**

दिनांक: 24.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में माननीय न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं की तामीला हेतु जनपदीय स्तर पर चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन मे अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.09.2025 को थाना बेहट पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त मोहसीन पुत्र हनीफ निवासी ग्राम बाबैल बुजुर्ग थाना बेहट जनपद सहारनपुर सम्बन्धित वाद सं0 595 1/25 सरकार बनाम मोहसीन अन्तर्गत धारा 498ए/504/506 बीएनएस भादवि व 3/4 डी. पी. एक्ट चालानी थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर नियत तिथि 11.11.2025 माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सहारनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तो को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरणः-**

1. मोहसीन पुत्र हनीफ निवासी ग्राम बाबैल बुजुर्ग थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1- उ0नि0 श्री बच्चू सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर

2- कां0 1767 पिंकरपाल थाना बेहट जनपद सहारनपुर

दिनांक: 24.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की 01 वान्छित अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-194/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्ता **शहराज पत्नी मुस्तफा निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर** को मुखबिर की सूचना पर मौ0 नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता-**

शहराज पत्नी मुस्तफा निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 19/25 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 मान सिह थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।
2. उ0नि0 राजकमल थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।
3. म0उ0नि0 अन्जू सिह थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।
4. म0का0 187 अनु तोमर थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।

दिनांक:**24.09.2025**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा आत्महत्या हेतु उकसाने के अभियोंग में वांछित कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 06.09.2025 को वादी श्री ओमपाल पुत्र कबाडी निवासी ग्राम कपूरी गोविन्दपुर थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर की एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 04.09.2025 को अभियुक्तगण 1.बेबी पुत्री सेन्धू 2.शुभम पुत्र अरविन्द 3.मोधू पुत्र बीरबल 4.सोनिया पत्नी मोधू के द्वारा मिलकर षडयंत्र रचकर वादी के भाई सोनू उर्फ सोनी पुत्र कबाडी की हत्या कर देने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 226/25 धारा 103(1)/61 बीएनएस पंजीकृत कराया गया तथा विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 103(1) बीएनएस का विलोप किया गया तथा धारा 108, 191(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी तथा विवेचना में अभियुक्त सुरेन्द्र उर्फ सेन्धू पुत्र बीरबल निवासी ग्राम कोलकी कलां का नाम प्रकाश मे आया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का सज्ञान लेकर तत्काल वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतू निर्देशित किया गया। इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.09.2025 को पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित 03 अभियुक्तगण **1.सुरेन्द्र उर्फ सेन्धू पुत्र बीरबल 2. प्रमोद उर्फ मोधू पुत्र बीरबल 3. श्रीमति सोनिया पत्नी प्रमोद उर्फ मोधू समस्त निवासीगण ग्राम कोलकी कला थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर** को ग्राम कोलकी कलां से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. सुरेन्द्र उर्फ सेन्धू पुत्र बीरबल निवासी ग्राम कोलकी कलां थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर ।
2. प्रमोद उर्फ मोधू पुत्र बीरबल निवासी कोलकी कलां थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर ।
3. सोनिया पत्नी प्रमोद उर्फ मोधू निवासी ग्राम कोलकी कला थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।
2. है0का0 591 इरशाद थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।
3. म0का0 1332 ज्योति थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 24.09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ 01 बदमाश/गोकश घायलवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर व 02 खोखा/ 02 जिंदा कारतूस .315 बोर, गोकशी के उपकरण व 01 मो0सा0 बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती, गोकशी आदि होने वाली आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 24.09.2025 को थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा मंडोरा तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पिठोड़ी मंडोरा की तरफ से आते दिखाई दिए, संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा उन्हें रुकने का इशारा किया गया, परन्तु वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर सुनसान रास्ते की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया, कुछ दूरी पर जाकर बदमाशों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाश पुनः पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बाये पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। तथा एक अन्य बदमाश घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कांबिंग की जा रही है। घायल बदमाश की पहचान **परवेज उर्फ बिल्ला पुत्र भूरा निवासी पाज रायपुर थाना बेहट सहारनपुर** के रुप में हुई। घायल बदमाश को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश के विरुद्ध थाना बेहट पर गोकशी, गैंगस्टर आदि के करीब आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना बेहट पर **मु0अ0सं0-425/25 धारा- 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जायेगा।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त परवेज द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मैं व मेरा साथी गाय के बछड़ों को पकड़कर चोरी छिपे काटकर उनका मीट बाजार में बेच देते है तथा बेचे हुये मीट के पैसों को अपनी मौज मस्ती में खर्च कर देते है। आज भी हम मोटरसाइकिल से जंगल में घूम रहे आवारा पशुओं/गौवंशों को पकडकर जंगल में काटने की फिराक में ग्राम मण्डौरा की तरफ से जनता रोड की ओर जा रहे थे तो पुलिस ने हमें रोकने का प्रयास किया तो हम लोगों ने पकड़े जाने के डर से पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे परन्तु पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में मेरे पैर में गोली लग गयी तथा मेरा दोस्त जंगल का फायदा उठाकर भाग गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

परवेज उर्फ बिल्ला पुत्र भूरा निवासी पाज रायपुर थाना बेहट सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा/02 खोखा कारतूस 315 बोर

- गौकशी के उपकरण (01 कुल्हाडी लोहा, 02 छुरी लोहा, एक लकडी का गुटका, 02 रस्से)
- 01 मोटर साइकिल हीरो एचएफ डीलक्स रंग काला नीला रजिस्ट्रेशन नं0 UP-11-BH-5926

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास:-**

1- मु0अ0सं0- 94/18 धारा- 3/5/8 सीएस एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

2- मु0अ0सं0- 100/22 धारा- 10 यूपी गुण्डा अधि0 थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

3- मु0अ0सं0- 173/22 धारा- 379 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

4- मु0अ0सं0- 57/23 धारा- 3/5/8 सीएस एक्ट व 11(1)(d) पशु क्रूरता अधि0 थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

5- मु0अ0सं0- 316/23 धारा- 379/411 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

6- मु0अ0सं0- 456/23 धारा- 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नाम:-**

1- प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

2- उ0नि0 श्री अरूण कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

3- उ0नि0 श्री धीरज सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

4- है0का0 680 भूपेन्द्र सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

5- है0का0 1058 राहुल राणा थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

6- है0का0 378 तरूण कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

7- का0 1759 सावन कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

8- का0 185 हर्ष चौहान थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 24-09-2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 23.09.2024 को वादिया द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त सलमान उर्फ भूरा द्वारा वादिया को दूध में नशीली वस्तु पिलाकर जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाकर वीडियो बनाना तथा पति को सारी बात बताने और बनाई वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने तथा शादी का झांसा देकर बार बार दुष्कर्म करने तथा वादिया का विपक्षी के घर पर शादी करने और रहने के इरादे से जाने पर विपक्षी के भाई शेरखान एवं उसके पिता इसरार द्वारा जाति सूचक शब्द कहना तथा गोली मारने की धमकी देकर वादिया को भगा देने के सम्बन्ध मे थाना बेहट पर मु0अ0सं0 422/25 धारा 64(2)(ड)/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 3(2)5(क)/3(1)(द)/3(1)(ध) एससी एसटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए गये, जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी बेहट श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.09.2025 को थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित **अभियुक्त सलमान उर्फ भूरा पुत्र इसरार नि0 ग्राम भोजेवाला थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को कलसिया तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

सलमान उर्फ भूरा पुत्र इसरार नि0 ग्राम भोजेवाला थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-**

1. उ0नि0 श्री महेशचन्द थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर।
2. म0उ0नि0 मनोरमा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर।
3. कां0 1244 मोहित मान थाना कोतवाली बेहट जिला सहारनपुर।
4. म0कां0 1990 कविता थाना कोतवाली बेहट जिला सहारनपुर।